बिहार सरकार
राज्य आयुक्त नि:शक्तता (दिव्यांगजन) का कार्यालय,
पुराना सचिवालय, सिंचाई भवन परिसर, पटना।
फोन नं0-0612-2215041, email-scdisability2008@gmail.com

पत्रांक-सं0सं0-06/रा0आ0नि0 (म0प्र0)-02/2018 दिनांक-........जनवरी'19

प्रेषक,

डॉ0 शिवाजी कुमार,
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,
मधुबनी, बेतिया (पश्चिम चम्पारण), भागलपुर, गया, रोहतास (सासाराम), सारण (छपरा), पूर्णियाँ, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, वैशाली (हाजीपुर), जहानाबाद, सहरसा, भोजपुर (आरा), दरभंगा, सुपौल, जमुई, पटना, औरंगाबाद एवं सीतामढ़ी

विषय :- दिव्यांगजनों जिन्होंने कृत्रिम अंग/सहायतार्थ उपकरण उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध/आवेदन किया है, उनकी सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग/सहायतार्थ उपकरण व्यापक पैमाने पर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। सम्बन्धित विषय अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग की अध्यक्षता में दिनांक-11.01.2019 को आयोजित समीक्षात्मक बैठक में भी शामिल है।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि जिले में आयोजित चलन्त न्यायालय के दौरान दिव्यांगजनों से प्राप्त आवेदनों/परिवादों तथा इस सम्बन्ध में आपके कार्यालय में दिव्यांगजनों द्वारा समर्पित आवेदनों के आधार पर दिव्यांगजनों की सूची, जिन्होंने कृत्रिम अंग/सहायतार्थ उपकरण उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध/आवेदन किया है, संकलित कर (लागत गणना अंकित करते हुए) इस कार्यालय को अविलम्ब/लौटती डाक/ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराने की कृपा की जाए। उक्त संकलित सूची में अगर किसी दिव्यांग को खेल/कला, संस्कृति इत्यादि क्षेत्र में प्रदर्शन हेतु स्पेशल उपकरण (जैसे-कृत्रिम स्वचालित हस्त, खेल व्हील चेयर, स्पेशल साईकिल, दृष्टिबाधितों के लिए रिकॉर्डिंग मशीन, दौड़ने के लिए ब्लेड रनर, थ्रो इवेंट के लिए स्पेशल थ्रो चेयर) की आवश्यकता का भी उल्लेख किया जाए।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन
ह0/-
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक-सं0सं0-06/रा0आ0नि0 (म0प्र0)-02/2018 23/रा0आ0नि0 दिनांक-09 जनवरी'19

प्रतिलिपि:-सभी संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.01.19
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।